शुक्रवार
08 जुलाई 2022



पृष्ठ 4

टमाटर से दूर करें चेहरे की झुर्रियां



पृष्ठ 5

रोमांस करते दिखेंगे आदित्य रॉय कपूर और कृति सैनन



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 154
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

स्वतंत्र वही हो सकता है जो अपना काम अपने आप कर लेता है।

– विनोबा

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# रपटे में बही कार, 9 पर्यटकों की मौत, एक घायल



हमारे संवाददाता

नैनीताल। नदी के रपटे में आज सुबह पर्यटकों की एक कार के बह जाने से जहां नौ पर्यटकों की मौत हो गयी वहीं एक युवती घायल हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस व अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू अभियान चलाकर गम्भीर घायल युवती सहित चार मृतकों को बाहर निकाला और युवती को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं पुलिस के मुताबिक कार में अभी पांच शव और है जिन्हे निकालने के प्रयास किये जा रहे है। बताया जा रहा है कि कार में दस पर्यटक सवार थे।

रामनगर के ढेला नदी के रपटे में आज सुबह पर्यटकों की कार तेज बहाव में बह गई। कार में दस लोग सवार थे जिनमें से नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार रामनगर के सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस मृतकों की शिनाख्त में जुटी है, पर्यटक पंजाब के पटियाला निवासी बताए जा रहे हैं। स्थानीय पुलिस व अग्निशमन दल मौके पर मौजूद है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह कार सवार दस पर्यटक जो ढेला रामनगर स्थित रिसॉर्ट में प्रवास कर वापस लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि सुबह लगभग पौने छह के आसपास पर्यटकों की कार ढेला नदी के रपटे पर पहुंची तो अचानक नदी में आए तेज बहाव में उनकी कार बह गई। सूचना मिलने पर पुलिस व अग्निशमन टीमों द्वारा मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू अभियान चलाते हुए कार सवार चार पर्यटकों के शव बरामद किये गये साथ ही एक घायल युवती को भी बाहर निकाला। युवती का नाम नाजिया बताया जा रहा है जिसका अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार कार में अभी पांच लोगों के शव पड़े हैं, जिन्हें निकालने का प्रयास किये जा रहे है। कार को नदी से निकालने के

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

*एसटीएफ और साइबर क्राइम पुलिस की बड़ी कार्यवाही*

# राष्ट्रीयकृत बैंक के दो शाखा प्रबंधक गिरफ्तार




संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने ग्राहकों के एसएमएस अलर्ट बदलकर 12 लाख रूपये की ठगी करने के आरोप में सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के दो अधिकारियों को दिल्ली व सेलाकुई से गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि बैंक कर्मचारियो के द्वारा आम जनता के बैंक खातों में एसएमएस अलर्ट नम्बर बदल कर उनकी मेहनत की कमाई को उडाने के मामले प्रकाश में आ रहे हैं ऐसा ही एक प्रकरण साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन को प्राप्त हुआ था जिसमें सुमन सहगल निवासी सेलाकूई देहरादून द्वारा सैन्ट्रल बैक आँफ इण्डिया सेलाकुई शाखा में बैक अधिकारियों द्वारा बिना उनकी अनुमति एसएमएस अलर्ट नम्बर बदल कर खाते से 12 लाख रुपये धोखाधड़ी से निकाले जाने पर मुकदमा दर्ज कराया। प्रकरणों की गम्भीरता को देखते हुये मुकदमें के खुलासे व आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु साइबर थाने से निरीक्षक त्रिभुवन रौतेला के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु घटना में प्रयुक्त मोबाईल नम्बर, ई–मेल आईडी, ई–वालेट, तथा बैंक खातों व सीसीटीवी फुटेज व भौतिक साक्ष्यो के विश्लेषण करने पर जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया के अधिकारी द्वारा पीडित की बिना अनुमति के धोखाधड़ी पूर्वक अपने खाताधारक के बैंक खाते से सम्बन्धित गोपनीय जानकारी में परिवर्तन कर नेट, मोबाईल बैंकिग के माध्यम पीडिता की धनराशि से ऑनलाईन माध्यम से सोना खरीदकर उसको बेचकर लाभ अर्जित किया जा रहा था। जिसके

◀◀ शेष पृष्ठ 2 पर

# जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे को भाषण के दौरान मारी गोली

टोक्यो। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का आज निधन हो गया है। देश के पश्चिमी हिस्से में चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री को गोली मार दी गई थी। गोली लगने के बाद ही आबे को हार्ट अटैक आ गया था। घटना के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन एयरलिफ्ट करते वक्त ही शिंजो आबे की धड़कने रूक चुकी थीं। उन पर आज सुबह उस वक्त गोलियां दागी गई थीं जब वह नारा प्रांत में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। आबे को पश्चिमी जापान में हुए हमले के बाद विमान से एक अस्पताल ले जाया गया था। आबे जब जमीन पर गिरे तो उन्होंने अपने सीने पर हाथ रखा हुआ था तथा उनकी कमीज पर खून लगा हुआ देखा गया। सरकारी प्रसारक श्एनएचकेश ने बताया कि पुलिस ने एक संदिग्ध को घटनास्थल पर ही पकड़ लिया। शिंज़ो आबे पर हुए जानलेवा हमले के बाद प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने इस हमले को एक घृणित कार्य बताया। उन्होंने कहा कि हमलावर के मक़सद के बारे में अभी मालूम नहीं चला है लेकिन इसका मौजूदा चुनाव प्रचार से संबंधित होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।




# देश में कोरोना के 18,815 नए मामले आए, 38 मरीजों की मौत हुई

नई दिल्ली । देश में कोरोना वायरस संक्रमण के १८,८१५ नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर ४,३५,८५,५५४ हो गई जबकि उपचाराधीन रोगियों की तादाद १,२२,३३५ तक पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शुक्रवार को अद्यतन किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार ३८ और संक्रमितों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर ५,२५,३४३ तक पहुंच गई है।

मंत्रालय ने कहा कि उपचाराधीन रोगियों की संख्या कुल मामलों की ०.२८ प्रतिशत है जबकि कोविड–१६ से उबरने की राष्ट्रीय दर ६८.५१ फीसद है। २४ घंटे की अवधि के दौरान उपचाराधीन रोगियों की संख्या में २,८७८ मामलों की वृद्धि हुई है।



मंत्रालय ने बताया कि बीते २४ घंटे में ४,३८,००५ नमूनों की जांच की गई। दैनिक संक्रमण दर ४.६६ प्रतिशत जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर ४.०६ फीसदी दर्ज की गई। बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर ४,२६,३७,८७६ हो गई, जबकि मृत्यु दर १.२१ प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक देश में कोविड–१६ रोधी टीके की १६८.५१ करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त २०२० को संक्रमितों की संख्या २० लाख, २३ अगस्त २०२० को ३० लाख और पांच सितंबर २०२० को ४० लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले १६ सितंबर २०२० को ५० लाख, २८ सितंबर २०२० को ६० लाख, ११ अक्टूबर २०२० को ७० लाख, २६ अक्टूबर २०२० को ८० लाख और २० नवंबर को ६० लाख के पार चले गए थे। देश में १६ दिसंबर २०२० को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और २३ जून २०२१ को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

इस साल २५ जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

# नशे में तबाह होता युवा

आज का युवा नशे में अपनी जिंदगी तबाह कर रहा है, मासूमों के हाथ में जहां किताबे होनी चाहिए अब उनके हाथ में नशे की पुड़िया, सिगरेट, तंबाकू का पैकेट होता है। न जाने कितने युवाओं की नशे में जाने चली गई हैं और न जाने कितने परिवार इससे तबाह हो चुके हैं। उत्तराखंड पुलिस ने नशे के खिलाफ कई अभियान चलाए लेकिन उन अभियानों का भी कोई खास असर नशा कारोबारियों पर नहीं हुआ। राज्य में नशा कारोबारियों का जाल इस तरह फैला है कि उसे तोड़ने में पुलिस पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। राजधानी में नशा मुक्ति केंद्रों में लगातार बढ़ती युवाओं की संख्या इस बात का प्रमाण है कि नशे के सौदागरों ने कई युवाओं कि जिंदगी की सुबह होने से पहले ही उनके जीवन में अंधेरा कर दिया है। अलग राज्य बनने के बाद जिस प्रकार से उत्तराखंड में नशा कारोबार ने अपने पांव पसारे हैं उससे यह बात साफ हो गई है कि पुलिस व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों ने पैसे के लालच में इस कारोबार को पनपने के लिए उत्तराखंड में खुली छूट दी थी। इसका परिणाम यह निकला कि आज शिक्षण संस्थाओं में पढ़ने वाले युवा नशे की जद में तेजी से आ रहे हैं। मासूम बच्चों के साथ खिलवाड़ करने वाले नशे के यह कारोबारी आज लखपति बन गए हैं। इससे भी हैरत करने वाली बात यह है कि अभी तक पुलिस को पता होने के बावजूद की फंला राज्य व जिले से पूरे उत्तराखंड में नशा तस्करी जारी है पुलिस अब तक किसी भी बड़े नशा कारोबारी को नहीं दबोच सकी है। हालांकि बीते कुछ समय पूर्व एसटीएफ द्वारा बरेली के कुछ नशा तस्करों पर लगाम कसते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेजा था लेकिन इसके बावजूद भी राज्य में नशा तस्करी रोकने में पुलिस नाकाम रही है। अलबत्ता यह बात जरूर है कि पुलिस नशा करने वाले युवाओं को 5 से 6 ग्राम स्मैक और चरस में दबोच कर अपनी छाती चौड़ी करती फिरती है। नशे के सौदागरों को दबोचने के लिए हालांकि बीती व वर्तमान सभी सरकारों ने पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। दरअसल यूपी के रहने वाले कई नशे के सौदागर यहां काम करने के बहाने आये और उन्होंने पुलिस के साथ मिलकर इस धंधे को बढ़ाना शुरू किया न तो पुलिस ने ऐसे लोगों का सत्यापन किया और न ही उनके कारोबार के बारे में उनकी कुंडली खंगाली। यदि पुलिस चाहती तो इस धंधे में लिप्त लोगों की पहचान करने के बाद उन्हें जेल की सलाखों के पीछे डालती और उन पर गंभीर धाराएं लगाकर दूसरों को सबक सिखाने का प्रयास करती लेकिन पुलिस की लापरवाही के कारण यह नशा तस्कर रातो रात अमीर होते गए और अपना नेटवर्क फैलाते गए। सवाल यह है कि क्या इन मासूमों की जिंदगी को बचाने के लिए कोई विभाग, संस्था या सरकार गंभीर है?

# मेरी हदों से दूर अपनी हदों में रहो...



अपने मायके गंगोत्री उत्तरकाशी में,
रौद्र रूप में बह रहीं हैं,
माँ गंगा की जलधारा।।
लोगों को चेतावनी,
और चेताती भी हैं,
माँ गंगा की जलधारा।।
अपनी हदों में रहें,
और मेरी हदों से भी दूर रहें,
कहती हैं माँ गँगा की जलधारा।
सैकड़ों उफनते नदी और नाले,
बरसाती गाड़ और गदेरे,
विभीषिका माँ गँगा की जलधारा।।
उफनते कूदते फांदते,
अपने मे समां जाती है,
माँ गंगा की जलधारा।।
अब यूँ ही चातुर्मासभर,
रौद्र रूप में बहेंगी,
माँ गंगा की जलधारा।।

*प्रस्तुतिः लोकेन्द्र सिंह बिष्ट*

# वर्षा के जल को स्टोर करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएः कपूर

कार्यालय संवाददाता

बागेश्वर। संयुक्त सचिव जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार नवलजीत कपूर शुक्रवार को बागेश्वर दौरे पर रहे। बागेश्वर पहुंचकर उन्होंने जिला कार्यालय में जिलाधिकारी समेत जिले के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में जल शक्ति अभियान एवं अमृत सरोवर परियोजना के तहत किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की।



उन्होंने कहा भारत सरकार लगातार जल संरक्षण एवं संवर्द्धन पर बढ़ावा दे रही है। संयुक्त सचिव ने कहा कि वर्षा के जल को स्टोर करने के लिए विशेष प्रयास किए जाए, ताकि पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बनी रहे। इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर योजना के लिए चयनित स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके लिए जिले में किए गए कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रत्येक जनपद को कम से कम ७५ अमृत सरोवर बने इसके लिए भारत सरकार द्वारा प्रदेशों को दिशा निर्देश भी जारी किये गये है तथा मॉनिटरिंग हेतु एक–एक अधिकारी भी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने कहा कि जल संचय कार्यक्रम में अकेले भारत सरकार या राज्य सरकारें कुछ नहीं कर सकती हैं, जब तक जन भागादारी व जनजागरूकता इसका एक महत्वपूर्ण भाग न बने। स्कूलों, कॉलेजों, मातृ शक्ति एवं युवा शक्ति को इस आंदोलन का हिस्सा बनाया जाए, जब ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक जनसहभागिता होगी तभी भारत सरकार का सपना पूरा किया जा सकेगा।

बैठक के उपरांत संयुक्त सचिव नवलजीत कपूर ने गरूड़ मेलाडुगरी में अमृत सरोवर के तहत संचालित प्रोजेक्टों को स्थलीय निरीक्षण किया व जनसभा कर आमजन से जानकारी भी ली।

# जीव सृष्टि की सुरक्षा तभी जब पर्यावरण सुरक्षितः खंडूडी

संवाददाता

कोटद्वार। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि जीव सृष्टि की सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि सभी लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक हो, क्योंकि हम तभी तक सुरक्षित हैं, जब तक हमारा पर्यावरण सुरक्षित है।



आज यहां कोटद्वार के नगर वन क्षेत्र पनियाली में वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि जीव सृष्टि की सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि सभी लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक हो, क्योंकि हम तभी तक सुरक्षित हैं, जब तक हमारा पर्यावरण सुरक्षित है। राजकीय महाविद्यालय मार्ग पनियाली वन क्षेत्र में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान पौधे रोपित करने से पहले विधानसभा अध्यक्ष सहित वन विभाग के अधिकारियों एवं स्कूल के छात्र–छात्राओं द्वारा विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव की भावना के तहत हरियाली महोत्सव का आयोजन न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी के जीवन को बनाए रखने बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने में पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा की जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में पेड़ अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आधुनिक जीवन शैली एवं रसायनिक दवाओं आदि के प्रयोग से हमारा पेयजल, खाद्य पदार्थ एवं हमारे आस-पास का वातावरण दूषित होता है जिससे बचने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि अपने स्तर पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के साथ-साथ लोगों को वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित एवं जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा की वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत परंपरागत वृक्षों जैसे पीपल, बरगद, व अन्य औषधीय वृक्षों को महत्व देने की आवश्यकता है। ये वृक्ष प्रकृति की सुरक्षा और संरक्षण में योगदान देते हैं। इस अवसर पर लैंसडौन वन प्रभाग के डीएफओ अमरीश कुमार, रेंजर बी डी तिवारी, एसडीओ किशोर नौटियाल, रेंजर अजय ध्यानी, सुमन कोटनाला, लक्ष्मी मधवाल, सुरेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य चंदन सिंह, सौरभ नौडियाल, राजेंद्र प्रसाद पंत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

प्र व इन्द्राय मादनं हर्यश्वाय गायत।
सखायः सोमपान्ने।।

(ऋग्वेद ७–३१–१)

हे मेरे सखा ! तुम उस सर्वशक्तिमान प्रभु के लिए आनंददि गुणगान की स्तुति करो। वह प्रभु ज्ञान और उपासना के अमृत का सेवन करता है।

O my friend ! You sing the delightful song to the resplendent Lord, who accepts the nectar of devotion and knowledge.
(Rig Veda 7-31-1)

# कार खाई में गिरी, चालक की मौत

हमारे संवाददाता

टिहरी। सड़क दुर्घटना में आज सुबह एक कार के खाई में गिर जाने से कार चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। कार चालक देहरादून निवासी है जो आज सुबह उत्तरकाशी जा रहा था। जानकारी के अनुसार आज सुबह रैतु की बेली के पास एक कार गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार कार चालक की मौके पर ही मौत गई। बताया जा रहा है कि कार देहरादून से उत्तरकाशी जा रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। मृतक व्यक्ति देहरादून का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आज सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर एक मारूति कार जो देहरादून से उत्तरकाशी जा रही थी अचानक अनियंत्रित हो कर 400 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। यह दुर्घटना रैतु की बेली के पास संगलोटी में हुई। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी, सूचना मिलते ही थत्यूड़ पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान को चला कर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने मृतक के जेब में रखे आधारकार्ड के आधार पर उसकी शिनाख्त अजय शर्मा निवासी प्रकाशनगर देहरादून के रूप में की। बहरहाल पुलिस ने दुर्घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी है।


## राष्ट्रीयकृत बैंक के दो शाखा प्रबंधक...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

उपरान्त थाना साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन को शिकायत प्राप्त होने साइबर थाने से विशेष टीम का गठन कर टीम द्वारा कम्पनियों से प्राप्त विवरण का गहनता से जांच एवं अन्य तकनीकी रुप से साक्ष्य एकत्रित कर पुलिस टीम द्वारा पूर्व में घटना में संलिप्त सेन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया बैंक के 3 बैक अधिकारियों को गिरफ्तार कर जिला कारागार भेजा गया था। मुकदमें में पुलिस कार्यवाही जारी रखते हुयी पुलिस टीम द्वारा लगातार अन्य अभियुक्तो की तलाश की जा रही थी घटना में सलिप्त अन्य 2 आरोपियों में से एक अनिरुद्ध थापा पुत्र सुरेन्द्र सिंह थापा निवासी निंबूवाला थाना गढ़ी कैन्ट जनपद देहरादून हाल पता कार्यालय सहायक प्रबन्धक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा बदरपुर दिल्ली से व एक अन्य सनी गुलेरी पुत्र भूरी सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट ज्वालामुखी जनपद कांगड़ा हिमाचल प्रदेश हाल पता प्रबन्धक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया क्षेत्रिय कार्यालय देहरादून से गिरफ्तार किया गया।

# ऊर्जा विभाग विद्युत कटौती का दर्द दे रहा जनता कोः मोर्चा

नगर संवाददाता



विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि ऊर्जा विभाग स्वयं राज्य के मुख्यमंत्री के पास है, लेकिन सरकार की अनुभवहीनता, अदूरदर्शिता एवं लापरवाही की वजह से भयंकर गर्मी के दिनों में जनता को विद्युत कटौती के चलते मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की बिजली पर आश्रित कारोबारियों एवं उद्योगपतियों को अपना कारोबार व उद्योग बंद कर इसकी वजह से भारी कीमत चुकानी पड़ रही है, जिसके लिए पूरी तरह से सरकार जिम्मेदार है।

नेगी ने कहा कि मोर्चा पिछले कई माह से लगातार सरकार से वितरण एवं ए टी एंड सी हानियां यानी लाइन लॉसेस कम करने के लिए चेताता रहा, लेकिन सरकार सोई रही। वर्ष 2019-20 में वितरण हानियां 13.40 फीसदी तथा ए टी एंड सी हानियां 20.44 फीसदी थी। मोर्चा के अथक प्रयास से बामुश्किल दो फीसदी ही लाइन लॉसेस कम हो पाई। सरकार की अनुभव हीनता का परिणाम आज जनता को भुगतना पड़ रहा है। कर्ज के सहारे चल रहे प्रदेश को बहुत महंगी दर पर बिजली खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है, जोकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर रहा है। नेगी ने कहा कि उत्तराखंड की धरती पर बड़ी-बड़ी जल विद्युत परियोजनाएं स्थापित हैं तथा हर वक्त उत्तराखंड का जनमानस अपनी जान जोखिम में डाले रहता है; बावजूद इसके ऊर्जा प्रदेश के लोगों को बिजली कटौती का सामना करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। नेगी ने तंज कसते हुए कहा कि जब मुख्यमंत्री के विभाग का ये हाल है तो अन्य विभागों का क्या हाल होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होने कहा कि मोर्चा शीघ्र ही विद्युत कटौती के खिलाफ आंदोलन करेगा।

## चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेशम माजरी निवासी अनुज पाल ने डोईवाला कोतवाली में अपनी मोटरसाईकिल चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जिसके बाद पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिलने के बाद आज पुलिस ने चैकिंग के दौरान बालकुंवारी चौक के पास एक मोटरसाईकिल सवार को रूकने का इशारा किया तो वह भाग खडा हुआ। पुसिल ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर दबोच लिया। वाहन के कागजात मांगने पर वह कागजात नहीं दिखा सका। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने यह मोटरसाईकिल रेशम माजरी में एक घर के बाहर से चोरी की थी तथा इसको बेचने जा रहा था। पूछताछ में उसने अपना नाम अनीश पुत्र इस्लाम निवासी फतेहपुर टांडा डोईवाला बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## स्टेयरिंग फेल होने से दुकान में घुसी रोडवेज बस

कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग। देहरादून– डीडीहाट– मदकोट को जा रही रोडवेज बस नंबर यूके ०७पी–ए३१४६ देहरादून से मदकोट डीडीहाट को जा रही थी। सेराघाट में पहुंचते बस का स्टेरिंग अचानक फेल हो गया। बस चालक नारायण सिंह ने सूझबूझ के साथ बस को रोका। बस में सवार यात्रियों को दिल्ली–धारचूला बस में को भेज दिया था।बस में दो दर्जन सवारी थे। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। बस चालक के द्वारा रोडवेज के उच्च अधिकारियों को जब इसकी सूचना दी तो पिथौरागढ़ डीपो द्वारा धीरे धीरे वाहन को पिथौरागढ़ डीपो में ले जाने के आदेश पर ड्राइवर द्वारा उक्त स्टीयरिंग फेल बस को स्टेरिंग फेल होने के बाद भी पिथौरागढ़ ले जाया जा रहा था। बेरीनाग तहसील मुख्यालय से १किलोमीटर दूर बेरीनाग थल मोटर मार्ग में जाखरावत के पास एक तीव्र मोड़ में फिर बस का स्टेरिंग फेल हो गया। बस सीधे सुरेंद्र सिंह पुत्र लाल सिह के दुकान में जा घुसी। दुकान के बाहर रखी हुई बाइक भी बस की चेपट में आने क्षतिग्रस्त हो गयी ।जिसमें वाहन चालक व परिचालक को कोई चोट नहीं लगी। दुकान के शटर टूट गए हैं, इस दौरान दुकान के बाहर कोई नही था। जिससे बड़ा हादसा टल गया।स्टेरिंग फेल होने के बाद किस अधिकारी ने बस को पिथौरागढ़ लाने का आदेश दिया गया। यह बडा सवाल खडा करता हैं यदि फिर कोई बड़ा हादसा होता है तो जिम्मेदारी कौन लेता है।



# आपदा के समय मानवीय व्यवहार दिखाते हुए प्रभावित तक हर संभव मदद पहुंचायी जाएः अजय टम्टा

कार्यालय संवाददाता



बागेश्वर। कपकोट क्षेत्र आपदा की दृष्टि से संवेदनशील है, जान–माल के नुकसान को बचाने हेतु आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर स्थानीय लोंगो को प्रशिक्षित करने के साथ ही मौसम अलर्ट संबंधी जानकारी ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ साझा की जाए, थोडी सी सक्रियता किसी की भी जान बचा सकती हैं, यह बात सांसद अजय टम्टा ने विकास खंड कपकोट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ आपदा के लिए किये जा रहें कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं।

सांसद ने कहा कि मानसून के इन दो–तीन महीनों में आपदा के प्रति सभी लोंगो को सक्रिय रहने की जरूरत हैं। आपदा के समय मानवीय व्यवहार दिखाते हुए प्रभावित तक हर संभव मदद पहुंचायी जाए तथा अपनी जवाबदेही प्रभावित लोगो में सकारात्मक परिलक्षित हो। किसी की सक्रियता व होशियारी से कई जाने बच सकती है, इसलिए मौसम अलर्ट संसबंधी जानकारी ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ शेयर की जाए।

बैठक के दौरान सांसद ने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दियें कि वर्द्याकाल में जो सड़के, कलमठ व नालियां बंद हो जाती है, उन्हें तत्काल खोला जाए तथा संबंधित क्षेत्र के एई, जेई व जेसीबी ऑपरेटर सहित हमेशा प्रभावित क्षेत्रों में बने रहें व इनके मोबाईल नंबर सामाचार पत्रों व व्हाट्सएप के माध्यम से प्रसारित कियें जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर लोग संपर्क कर सकें।

विधायक कपकोट सुरेश गढिया ने कहा कि आपदा से लड़ने के लिए हर संभव प्रयास किये जाए। बिना चूक के समय रहते प्रभावित लोगो को मदद पहुंचायी जाए। उन्होंने कहा कि हम सब जिम्मेदार लोग होने के नाते सब की जवाबदेही है कि रिस्पांस समय कम से कम हो इसका विशेद्या ध्यान दिया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी विनीत कुमार ने कहा कि आपदा कभी बता के नही आती, लिहाजा सभी अधिकारी हमेशा सक्रिय रहें, व आपना मोबाईल आंन रखे। उन्होंने कहा कि जेसीबी हमेशा ऑपरेटर सहित प्रभावित क्षेत्रों में तैनात रहें, एई व जेई हमेशा निगरानी बनायें रखे।

## स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर कोतवाली पुलिस ने पीठ बाजार में एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से छह ग्राम स्मैक बरामद कर ली। वहीं विकासनगर कोतवाली पुलिस ने पहाडी गली से एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम दानिश पुत्र राकिब निवासी मुस्लिम बस्ती विकासनगर व आसिफ पुत्र इमरान निवासी विशाल कालोनी विकासनगर बताया।

## उत्पीड़न से भड़के सस्ता गल्ला विक्रेता, किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग। थल में सोरघाटी घाटी सस्ता गल्ला कल्याण समिति के यूनियन और थल,मुवानी व पांखू सस्ता गल्ला विक्रेता संगठन की एक महत्वपूर्व बैठक सोरघाटी सस्ता गल्ला कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष मनोज पाण्डेय की अध्यक्षता में आहूत की गई।जिसमें थल,मुवानी व पांखू के सभी सस्ता गल्ला दुकानदारों ने भाग लिया। बैठक में चार महत्वपूर्ण बिंदु को ध्यान में रखते हुवे निर्णय लिया गया कि जब तक विभाग पूरा राशन तौलकर नहीं देती है। प्रशासन विक्रेताओं को इंटरनेट का खर्चा नहीं देती हैं।इसके साथ ही उन्हें दुकान का मासिक किराये तथा मासिक मानदेय नहीं देती हैं तब तक वे सभी विक्रेता किसी भी कीमत पर राशन का वितरण नहीं करेंगे। बैठक के बाद भड़के सभी गल्ला विक्रेताओं ने विभाग व सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की और कहा कि सरकार अगर उनकी इन जायज मांगों को नही मानकर उनका उत्पीड़न करेगी तो वे जिला कार्यकारणी के आह्वान पर सामूहिक इस्तीफा देने के लिए बाध्य हो जायेंगे। सोरघाटी सस्ता गल्ला कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष मनोज पाण्डेय के नेतृत्व में प्रदर्शन करने वालों में जिला महासचिव कैलाश चंद्र जोशी,ललित महर,हरप्रियापाण्डेय,थल,मुवानी,पांखू सस्ता गल्ला यूनियन के अध्यक्ष चंदन देऊपा,उपाध्यक्ष सोबन सिंह कार्की,कोषाध्यक्ष उम्मेद सिंह देऊपा,बालक सिंह,जगदीश चंद्र जोशी,राम सिंह कार्की,नंदन सिंह बसेड़ा,प्रदीप सिंह जंगपांगी,प्रताप सिंह,शारदा देवी सहित कई सस्ता गल्ला विक्रेता मौजूद थे।

# रानीपोखरी पुल का निर्माण जल्द होः उक्रांद

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड क्रांति दल के मीडिया प्रभारी विजय बौडाई ने कहा कि एक साल से टूटे रानीपोखरी पुल का निर्माण शीघ्र कराया जाये जिससे जनता को राहत मिल सके।



आज यहां एक बयान जारी करते हुए उक्रांद के केंद्रीय मीडिया प्रभारी विजय बौड़ाई ने बताया कि पिछली बरसात में रानीपोखरी का पुल जर्जर होने तथा अत्यधिक बारिश के कारण टूट गया था जिससे राजधानी से पहाड़ को आने–जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था बाद में एक टेम्परेरी रास्ता बनाया गया तब जाके लोगो की दिक्कत दूर हुई लेकिन एक वर्ष व्यतीत हो गया है, पुनः बरसात शुरू हो गयी है, लेकिन अभी तक रानी पोखरी का पुल बनकर तैयार नही हो पाया है जोकि सरकार की कार्यशैली व जनता के प्रति संवेदनशीलता को भी दर्शाता है।

जब राजधानी के 25 किलोमीटर की दूरी तथा महत्वपूर्ण हवाईअड्डा के दो किलोमीटर की दूरी पर भी काम मे इतनी लेट लतीफी हो तो सरकार की कार्यशैली एवम काम की डिलीवरी पर सवालिया निशान निश्चित रूप से दिखते हैं और साथ ही राजधानी के इतने नजदीक काम करने की स्थिति यह है तो दूरदराज में किस तरह का काम हो रहा होगा यह स्पष्ट परिलक्षित है।इसी तरह रामनगर बुवाखाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर धनगढ़ी के पास पुल निर्माण को भी एक वर्ष से भी अधिक हो गया है लेकिन उस पर एक साल में तीन पिलर ही बन पाए हैं। वँहा पर जिस गति से काम हो रहा है ,तो पांच वर्ष में भी पुल निर्माण नही हो पायेगा।

बौड़ाई ने बताया कि उन्होंने उपरोक्त दोनों जगहों का स्वयं निरीक्षण किया है तथा उन्होंने दोनों महत्वपूर्ण पुलों को शीघ्र बनाये जाने की मांग की है ताकि आने जाने वाले लोगो की परेशानी का दूर हो सके।

# दु:स्वप्न का साकार होना

यह यक्ष प्रश्न हमारे सामने खड़ा है कि हम अपने देश का क्या करना चाहते हैं? हम इसे प्रगति के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं या इसे निरंतर युद्ध की मानसिकता में धकेल कर अप्रिय घटनाओं की स्थिति बनाए रखना चाहते हैं?

जो आशंकाएं मन में घुमड़ रही हों, अगर वो सच होने लगें, तो जाहिर है, उसमें कोई आश्चर्य तो नहीं होता, लेकिन उससे पैदा होने वाली व्यग्रता अंदर तक जख्मी करती है। उदयपुर की घटना कुछ इसी तरह की है। धार्मिक उन्माद में की गई जघन्य हत्या भारत में बन रहे खतरनाक माहौल का ही एक संकेत है। जब भावनाएं लगातार उबलती रहें, तो उनके कहीं विस्फोट होने की गुंजाइश भी लगातार बनी रहती है। राजस्थान पुलिस की इस बात के लिए तारीफ करनी होगी कि उसने आरोपियों को अविलंब पकड़ लिया। राजस्थान सरकार ने स्थिति को काबू में रखने के लिए जो चुस्ती और परिपक्वता दिखाई, उसकी भी प्रशंसा होनी चाहिए। लेकिन अगर तमाम राजनीतिक शक्तियों ने इस घटना के बाद जिम्मेदारी का परिचय नहीं दिया और इस घटना का इस्तेमाल भी सियासी रोटी सेंकने में जुट गईं, तो फिर इस समय तमाम विवेकशील लोग जिन दु-स्वप्नों को जी रहे हैं, उनके सच हो जाने की परिस्थितियां और गंभीर रूप में सामने आ सकती हैं।

यह यक्ष प्रश्न हमारे सामने खड़ा है कि हम अपने देश का क्या करना चाहते हैं? हम फिर से इसे प्रगति और विकास के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं या इसे निरंतर युद्ध की मानसिकता में धकेल कर उदयपुर जैसी घटनाओं की स्थिति बनाए रखना चाहते हैं? कभी समझा जाता था कि मजहबी और अन्य भावनात्मक मुद्दों का इस्तेमाल राजनीतिक पार्टियां सत्ता पाने के लिए करती हैं- लेकिन जब एक बार सत्ता मिल जाती है, तो फिर वे उदार रुख अपना कर पहले भड़काई गई भावनाओं को काबू में ले आती हैं। इसलिए कि आगे बढ़ना तो दूर, कोई भी समाज लगातार उबलती मानसिकताओं के साथ शांति और स्थिरता को बनाए रखने की कल्पना भी नहीं कर सकता। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत में जनता ने जिन लोगों को सत्ता सौंपी, उन्होंने अपना हित लगातार ऐसी मानसिकता बनाए और उसे भड़काए रखने में देखा है। लेकिन अब स्थिति खतरनाक हद को पार करती दिख रही है। इसलिए अभी से भी रास्ता बदलने की जरूरत है। कानून, अपराध, और न्याय की धारणाओं हाल में जैसे जख्म लगे हैं, अब उन पर मरहम लगाने की जरूरत है।(आरएनएस)

# ये नजरिया महिला विरोधी

गर्भावस्था की वजह से महिलाओं को जीवन में अवसरों से वंचित होते रहना पड़ा है। अगर समाज अब अपने को आधुनिक कहता है, तो उसे अपना यह नजरिया अवश्य ही बदलना चाहिए।

बुनियादी सवाल है। अगर महिलाएं सृष्टि को आगे बढ़ाने में अधिक बड़ी भूमिका निभाती हैं- इस क्रम में वे अधिक कष्ट सहती हैं, तो इसका बदले उन्हें पुरस्कृत किया जाना चाहिए या दंडित? पारंपरिक समाज का नजरिया दंडित करने का रहा है। गर्भावस्था एक ऐसी सूरत है, जिसकी वजह से महिलाओं को जीवन के कई क्षेत्रों और अवसरों से वंचित होते रहना पड़ा है। लेकिन अगर समाज अब अपने को आधुनिक कहता है और अधिक मानवीय होने का दावा करता है, तो उसे अपना यह नजरिया अवश्य ही बदलना चाहिए। इंडियन बैंक ने हाल में जो दिशा-निर्देश जारी किया, उसमें ऐसे बदलाव के संकेत नहीं मिले। इसलिए समाज के जागरूक तबकों में उसको लेकर नाराजगी पैदा हुई है। दिल्ली महिला आयोग ने उचित ही इंडियन बैंक को इस मामले में नोटिस जारी किया है। न इंडियन बैंक ने हाल ही में एक सर्कुलर में जारी किया था। उसमें बैंक में भर्ती की नई नीति बताई गई थी।

बैंक के सर्कुलर में कहा गया था- बारह सप्ताह या उससे अधिक की गर्भवती महिला को तब तक अस्थायी रूप से नौकरी पाने के अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए, जब तक कि वह फिट नहीं हो जाती। महिला उम्मीदवार को प्रसव की तारीख के छह सप्ताह बाद फिटनेस प्रमाण पत्र के लिए फिर से जांच की जानी चाहिए और रजिस्टर्ड डॉक्टर से उसे फिटनेस सर्टिफिकेट प्राप्त करना चाहिए। जब इस सर्कुलर की चौतरफा आलोचना हुई, तब इंडियन बैंक ने सफाई दी। उसने कहा कि मौजूदा दिशा-निर्देशों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और किसी महिला उम्मीदवार को रोजगार से वंचित नहीं किया गया है। बैंक ने कहा कि वह महिला कर्मचारियों की देखभाल और सशक्तीकरण को सर्वोपरि महत्व देता है। बैंक ने यह जानकारी भी दी कि उसके कार्यबल में 29 फीसदी महिलाएं हैं। लेकिन महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने ध्यान दिलाया था कि इस तरह के दिशा-निर्देश से गर्भवती महिलाओं की सेवा में भर्ती में देरी होगी और इसके बाद वे अपनी वरीयता खो देंगी। ये आशंका गलत नहीं है। बेहतर होता, बैंक ऐसा सर्कुलर जारी नहीं करता। बहरहाल, सुधार का रास्ता उसके सामने था। संभवत: उसने उसे अपना लिया है।(आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# टमाटर से दूर करें चेहरे की झुर्रियां



बढ़ती उम्र का असर सबसे पहले चेहरे पर ही दिखाई देता है। ऐसे में महिलाएं अपनी उम्र के लक्षणों को छिपाने के लिए कई ब्यूटी सीरम और प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करती हैं। स्किन प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करने की जगह आप घरेलु नुस्खों के जरिए भी अपनी त्वचा का ख्याल रख सकते हैं। टमाटर में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स पाए जाते हैं जो आपकी त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। यह हर तरह की स्किन टाइप के लिए फायदेमंद है। त्वचा की रंगत निखारने,ऑयलीनेस हटाने के लिए आप इसका चेहरे पर इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आपको बताते हैं इसे इस्तेमाल करने का तरीका...

ऑयली त्वचा के लिए : ऑयली त्वचा पर मुहांसे बहुत जल्दी होते हैं। इसके अलावा ऑयली त्वचा पर तेल भी ज्यादा देर के लिए नहीं ठहरता, आप त्वचा से तेल निकालने के लिए टमाटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। टमाटर आपकी त्वचा में तेल की मात्रा को कम करने में मदद करता है। आप आधा टमाटर काट लें और फिर हल्के हाथों से इसकी चेहरे पर मसाज करें। 10-15 मिनट के बाद आप अपना चेहरा सादे पानी से धो लें।

मुहांसो के लिए : आप त्वचा के मुहांसे दूर करने के लिए भी टमाटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। त्वचा में गंदगी या फिर बैक्टीरिया के कारण चेहरे पर मुहांसे होने लगते हैं। टमाटर में पाए जाने वाले विटामिन-ए,सी और के जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो त्वचा के मुहांसे दूर करने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह आपकी त्वचा का पीएच लेवल भी सामान्य रखने में मदद करते हैं।

कैसे करें इस्तेमाल?

सामग्री

टी ट्री ऑयल - 3-4 बूंदे

टमाटर - 4

इस्तेमाल करने की विधि

सबसे पहले टमाटर काटकर उसका गूदा निकाल लें।

फिर इसमें टी ट्री ऑयल की कुछ बूंदें मिलाएं।

दोनों चीजों को अच्छे से मिलाएं और फिर अपने चेहरे पर लगा लें।

5-10 मिनट के बाद चेहरा सादे पानी से धो लें।



बढ़ती उम्र के लक्षण होंगे कम : आप टमाटर का इस्तेमाल बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करने के लिए भी कर सकती हैं। फाइन लाइन्स, झुर्रियां, दाग-धब्बे, काले घेरे और धब्बे जैसी समस्याओं के लिए आप टमाटर का प्रयोग कर सकती हैं। इसमें विटामिन बी बहुत ही अधिक मात्रा में पाया जाता है जो एंटी एजिंग के गुणों को कम करने में मदद करता है। आप टमाटर काटकर हल्के हाथों के साथ उसकी चेहरे पर मसाज करें। 10 मिनट के बाद चेहरा सादे पानी से धो लें।

नेचुरल सनस्क्रीन के रुप में करें इस्तेमाल : टमाटर में पाया जाना वाला लाइकोपीन नाम का केमिकल यूवी लाइट से आपकी त्वचा को बचाने में मदद करता है।

आप टमाटर का इस्तेमाल सप्लीमेंट के तौर पर कर सकते हैं।

कैसे करें इस्तेमाल

सामग्री

दही - 3 चम्मच

टमाटर - 2

इस्तेमाल करने की विधि

सबसे पहले टमाटर को आधा काट लें।

फिर इसमें थोड़ा सा दही मिलाएं।

दोनों चीजों को अच्छे से मिला लें और फिर अपने चेहरे पर लगाएं।

15-20 मिनट के बाद चेहरा सादे पानी से धो लें।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -86

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्‌भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 85 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# दिव्यांक पाटीदार बाप से करेंगे बॉलीवुड डेब्यू

आखिरी बार टीवी शो कहां हम कहां तुम में नजर आए अभिनेता दिव्यांक पाटीदार जैकी श्रॉफ, संजय दत्त, मिथुन चक्रवर्ती और सनी देओल की आगामी एक्शन फिल्म बाप से बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। वे कहते हैं, मैं इतने बड़े प्रोजेक्ट की कास्ट में शामिल होने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं, जिसमें मुझे इतने सारे लोकप्रिय सितारों से मिलने का मौका मिलेगा, जिन्हें मैंने बचपन से प्यार किया है।

यह मेरे लिए एक ड्रीम डेब्यू होगा। मुझे लगता है कि टीवी शो और डिजिटल प्रोजेक्ट्स में काम करने के बाद अगर समय इस तरह मेरा साथ देता है तो मैं बॉलीवुड के अवसरों का आनंद लूंगा। मैं इस प्रोजेक्ट के लिए भगवान का शुक्रगुजार हूं।पाटीदार जिन्होंने अपने टीवी करियर की शुरूआत फना: एन इम्पॉसिबल लव स्टोरी से की थी, और बाद में इश्क सुभान अल्लाह, कसम से, जोधा अकबर जैसे लोकप्रिय शो में भी काम किया, वह बॉलीवुड स्टार ऋतिक के बहुत बड़े प्रशंसक हैं।

रोशन और बाप में उनकी भूमिका का संबंध उनके आदर्श से है। दिव्यांक कहते हैं, फिल्म में मैं रोहित की भूमिका निभा रहा हूं। और मुझे फिल्म में जैकी सर की बहन के प्रेमी के रूप में लिया गया हैमैं वास्तव में उत्साहित हूं क्योंकि मेरे रोल मॉडल ऋतिक रोशन ने भी अपने बॉलीवुड डेब्यू कहो ना.. प्यार है में रोहित की भूमिका निभाई थी। मैं इस संयोग को अपने लिए सौभाग्य के रूप में देखता हूं। क्योंकि मैं ऋतिक सर का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।

# विक्रम प्रभु अभिनीत फिल्म पायुम ओली नी येनाक्कू का टीजर जारी

अभिनेता कार्थी ने निर्देशक कार्तिक अद्वैत की तीव्र एक्शन थ्रिलर पायुम ओली नी येनक्कू का आधिकारिक टीजर जारी किया, जिसमें अभिनेता विक्रम प्रभु और वाणी भोजन मुख्य भूमिका में हैं। ट्विटर पर शेयर करते हुए कार्थी ने कहा, यहां लोगों को आगे देखने के लिए एक फिल्म है। पायुम ओली नी येनक्कू के सभी आकर्षक टीजर को पेश करते हुए खुशी हो रही है!फिल्म को न केवल कार्तिक अद्वैत ने लिखा और निर्देशित किया है, बल्कि उन्होंने ही इसे प्रोड्यूस भी किया है। विक्रम प्रभु और वाणी भोजन के अलावा, फिल्म में कन्नड़ अभिनेता धनंजय और हास्य अभिनेता विवेक प्रसन्ना भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगे। सिनेमैटोग्राफर श्रीधर द्वारा शूट की गई इस फिल्म में संगीत सागर का है और संपादन कोटागिरी वेंकटेश्वर राव ने किया है। मनोरंजक एक्शन थ्रिलर, जिसके टीजर में कुछ तीव्र एक्शन क्लिप हैं, कार्तिक अद्वैत के साथ हरेंद्र बालचंदर द्वारा सह-निर्देशित किया गया है। फिल्म के लिए कला निर्देशन पीएल सुबेंथर द्वारा किया गया है और स्टंट दिनेश कासी द्वारा किए गए हैं।

# चिरंजीवी ने मेगा154 के लिए संक्रांति 2023 का स्लॉट किया बुक

तेलुगु में, संक्रांति सीजन फिल्म रिलीज के लिए साल के सबसे उत्सुक समय में से एक है। नाटकीय बॉक्स ऑफिस प्राप्तियों को अधिकतम करने के लिए, अधिकांश उच्च बजट फिल्में इस समय अवधि के आसपास रिलीज होने के पक्ष में हैं। अब चीजें दिलचस्प होने वाली हैं कि चिरंजीवी अपनी मेगा154 से संक्रांति की दौड़ में शामिल हो गए हैं। बॉबी (केएस रवींद्र) द्वारा निर्देशित चिरंजीवी की 154 वीं फिल्म संक्रांति 2023 के दौरान स्क्रीन पर हिट होने के लिए पूरी तरह तैयार है। निर्माताओं ने इसकी घोषणा की है। अफवाहों के अनुसार, फिल्म का नाम वेल्टेयर वीरैया होगा और यह आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के एक प्रसिद्ध क्षेत्र में स्थापित एक कहानी बताएगा। फिल्म में, सभी व्यावसायिक घटकों के साथ एक बड़े पैमाने पर एक्शन ब्लॉकबस्टर के रूप में वर्णित, श्रुति हासन ने चिरंजीवी के साथ प्रमुख नायिका की भूमिका निभाई है। फिल्म के निर्माता नवीन यरनेनी, वाई रविशंकर और जीके मोहन हैं, मोहन सह-निमार्ता के रूप में काम कर रहे हैं। कई जाने-माने अभिनेताओं के साथ एक शीर्ष तकनीकी टीम इस परियोजना पर काम कर रही है।

# तकनीकी थ्रिलर इराह में काम करने के अपने अनुभव पर करिश्मा कोटक

अभिनेत्री और मॉडल करिश्मा कोटक तकनीकी थ्रिलर इराह में जल्द ही नजर आने वाली हैं। इसको लेकर अभिनेत्री ने अपना अनुभव भी शेयर किया है। सैम भट्टाचार्जी द्वारा निर्मित यह फिल्म आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अवधारणा पर आधारित है। इस इंडो-ब्रिटिश प्रोडक्शन में रोहित रॉय, अमीत चना, फागुन ठकरार और राजेश शर्मा भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। करिश्मा कोटक कहती हैं, फिल्म में मैंने जो भूमिका निभाई है वह मेरे दिल के बेहद करीब है और यह एक बहुत ही दिलचस्प किरदार है। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि यह फिल्म सभी को आश्चर्यचकित करने वाली है। मुझे नहीं लगता कि भारतीय सिनेमा ने इस तरह की फिल्म देखी है। यह निश्चित रूप से रोहित बोस रॉय के लिए भी अलग और चुनौतीपूर्ण था। लेकिन मैंने इसका पूरा आनंद लिया। लंदन में जन्मी और पली-बढ़ी करिश्मा ने तेलुगु फिल्म शंकर दादा जिंदाबाद से डेब्यू किया था। इसके बाद कई सारी फिल्मों में काम किया है। फिल्म में काम करने के अपने अनुभव के बारे में साझा करते हुए, वह आगे कहती हैं, इस फिल्म में काम करने का मेरा अनुभव अद्भुत था।

# रोमांस करते दिखेंगे आदित्य रॉय कपूर और कृति सैनन



संजय लीला भंसाली बॉलीवुड के मंझे हुए फिल्ममेकर हैं। यही वजह है कि हर कोई उनके साथ काम करने के लिए लालायित रहता है। अब उनके प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर आई है। ऐसी खबरें चल रही हैं कि भंसाली की अगली फिल्म में उभरते हुए अभिनेता आदित्य रॉय कपूर और कृति सैनन नजर आएंगे। खास बात यह है कि इस फिल्म में दोनों इश्क फरमाते हुए दिखाई देंगे।

रिपोर्ट की मानें तो भंसाली की फिल्म में आदित्य और कृति का रोमांटिक अंदाज नजर आएगा। एक सूत्र ने कहा कि जब तक इस प्रोजेक्ट से जुड़ी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आ जाती, तब तक आदित्य और कृति इस खबर पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ना चाहते। हालांकि, दोनों कलाकारों ने ना ही प्रोजेक्ट पर अपनी हामी भरी और ना ही इसे अफवाह बताया। दोनों की जोड़ी को साथ देखना प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा।

खबरों की मानें तो आने वाले महीनों में इस फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। अब देखना है कि कब इस संबंध में आधिकारिक घोषणा होती है। फिल्ममेकर करण जौहर के 50वें जन्मदिन के मौके पर आयोजित की गई पार्टी में आदित्य और कृति को गुफ्तगू करते हुए देखा गया था। इस पार्टी में इन दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक थी। फिल्म के बाकी कलाकारों से जुड़ी जानकारी जल्द दर्शकों के बीच आ सकती है।

आदित्य और कृति पहली बार फिल्म कलंक में एक साथ नजर आए थे। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के गाने ऐरा गैरा पर दोनों कलाकार थिरकते हुए नजर आए थे। यह फिल्म का एक आइटम सॉन्ग था, जिसमें कृति स्पेशल अपीयरेंस में नजर आई थीं। इस गाने में आदित्य के अलावा वरुण धवन की भी झलक दिखी थी। अब पहली बार किसी फिल्म के लिए आदित्य और कृति ने हाथ मिलाया है। आदित्य को जल्द ही तमिल क्राइम थ्रिलर फिल्म थडम की हिंदी रीमेक में देखा जाएगा। वह फिल्म मलंग 2 का भी हिस्सा हैं। वह ब्रिटिश टीवी सीरीज द नाइट मैनेजर की हिंदी रीमेक में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। कृति फिल्म शहजादा में दिखाई देंगी। उन्हें वरुण धवन के साथ फिल्म भेड़िया में देखा जाएगा। गणपत और आदिपुरुष भी उनके खाते में हैं। कृति, मीना कुमारी की बायोपिक में भी नजर आ सकती हैं। भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी ने हाल में बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम फहराया है। इस फिल्म ने दुनियाभर में 200 करोड़ रुपये से अधिक का कलेक्शन किया। इसके अलावा भंसाली आगामी प्रोजेक्ट हीरा मंडी को लेकर चर्चा में हैं। (आरएनएस)

# शिवानी तोमर ने मिस्टर और मिसेज एलएलबी में अपनी भूमिका पर रखा स्टैंड

इस प्यार को क्या नाम दूं 3 और अग्नि वायु जैसे शो में काम कर चुकीं अभिनेत्री शिवानी तोमर वेब सीरीज मिस्टर और मिसेज एलएलबी 5 का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं।

वह कहती है, मैं एक वकील पायल अग्रवाल का किरदार निभा रही हूं, जो अदालती विवादों में अपने पति का विरोध करती है। वह अपने पति अनिरुद्ध से एक कदम आगे रहती है। शिवानी कहती हैं, जिन्होंने 2012 में पवित्र रिश्ता से अपने करियर की शुरूआत की थी।

वह आगे कहती हैं हम पांच सीजन की योजना बना रहे हैं, प्रत्येक तीन एपिसोड के साथ। मैं पहले दो का हिस्सा थी और अब मैं पांचवें के लिए लक्ष्य बना रही हूं।

मिस्टर और मिसेज एलएलबी एक कानूनी जोड़े अनिरुद्ध और पायल अग्रवाल की कहानी है, जिनके विचारों का विरोध है।

अभिनेत्री आगे अपने चरित्र के बारे में साझा करती है और कहती है, पायल अग्रवाल का व्यक्तित्व इस मायने में अद्वितीय है कि वह अपने पेशे के प्रति समर्पण की एक नई डिग्री प्रदर्शित करेगी।

सुबीर और मेरे बीच एक मजबूत ऑन-स्क्रीन और वास्तविक जीवन की दोस्ती है, और दर्शकों को निस्संदेह हमारे ऑन-स्क्रीन झगड़े पसंद आएंगे। कोर्ट के अंदर हमारे पति-पत्नी के विवाद से हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाएगा। हरजीत के साथ काम करने में मेरा बहुत अच्छा समय था और निशीथ, डिजाइनर। निर्माता के रूप में, वे दोनों अत्यधिक व्यावहारिक और व्यस्त हैं। मिस्टर और मिसेज एलएलबी द क्यू पर स्ट्रीम होता है।

# भूलभुलैया फिल्म का तीसरा पार्ट बनाने जा रहे हैं मेकर्स



हाल ही में कार्तिक आर्यन की फिल्म भूलभुलैया 2 रिलीज़ हुई है। इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। इस फिल्म के रिलीज़ होने से पहले दर्शकों और मेकर्स को भी ये उम्मीद नहीं थी फिल्म इतना बेहतरीन प्रदर्शन करेगी लेकिन वाकई कार्तिक का जादू अब सबके सिर चढ़कर बोल रहा है। भूलभुलैया के पहले पार्ट को भी इसी तरह से दर्शकों ने पसंद किया था।

वहीं यदि आप भी भूलभुलैया 2 के फैंस हैं तो आपके लिए भी मेकर्स बड़ी खुशखबरी लेकर आए हैं। हाल ही में अनीस बज़्मी ने ही फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी दी है जो भूलभुलैया फैंस के लिए बेहद खास हो सकती है। इस खबर के बाद तो फैंस भी अब काफी खुश नज़र आ रहे हैं। बताया जा रहा है किअब मेकर्स इस फिल्म के तीसरे पार्ट यानि भूलभुलैया 3 पर काम शुरू कर सकते हैं।

सबसे पहले भूलभुलैया का पहला पार्ट आया था जिसमें अक्षय कुमार नज़र आए थे वाकई अक्षय ने अपनी एक्टिंग से इस फिल्म को सफल बना दिया। वहीं विद्या बालन ने भी कमाल की एक्टिंग की और दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद भूलभुलैया 2 आई।

इस फिल्म के दूसरे पार्ट में कार्तिक आर्यन को कास्ट किया। कार्तिक आर्यन को देखकर दर्शकों ने उन्हें नहीं स्वीकारा लेकिन कार्तिक ने अपनी एक्टिंग से वाकई दर्शकों का दिल जीता।

वहीं अब ये फिल्म 200 करोड़ के क्लब में भी शामिल होने वाली है। फिल्म के मेकर्स भी फिल्म की सफलता से काफी खुश नज़र आ रहे हैं। वहीं अब अनीस बज़्मी ने भी फिल्म के फैंस को एक बड़ी खुशखबरी दी है। अनीस ने कहा है कि मेकर्स भूलभुलैया 3 भी बनाना चाहते हैं।

वहीं अनीस के मुताबिक दूसरा पार्ट पहले से भी अच्छा था और तीसरा पार्ट दूसरे से भी अच्छा होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि मेकर्स फिल्म के तीसरे पार्ट पर जल्द ही काम शुरू कर सकते हैं। ऐसे में फैंस भी फिल्म के तीसरे पार्ट के लिए काफी उत्साहित हो गए हैं।

# सन् बाईस ने बहुत बिगाड़ा!

हरिशंकर व्यास

सन् बाईस पृथ्वी को झुलसा रहा है। पिघला रहा है। एक वजह जलवायु परिवर्तन है तो दूसरी वजह विश्व राजनीति का सूखापन है। वह सूखापन, जिससे वे तमाम मानवीय सरोकार खत्म हैं, जिनके लिए विश्व व्यवस्था है। वैश्विक एजेंसियां हैं और आर्थिक-राजनीतिक समीकरण हैं। दक्षिण एशिया पर ही गौर करें। सोचें, मॉनसून शुरू हुआ नहीं और असम व बांग्लादेश पानी में डूबे हुए हैं। बांग्लादेश को लेकर वैश्विक सुर्खियां हैं। उधर श्रीलंका आर्थिक दिवालियेपन से सुर्खियों में हैं। पिछले सप्ताह से भूकंप के कारण अफगानिस्तान भी खबरों में हैं। लेकिन दुनिया का रवैया देखी-अनदेखी का! तालिबानी सरकार ने दुनिया से मदद की अपील की लेकिन इस्लामी देश और चीन-रूस-पाकिस्तान का त्रिगुट भी मदद के लिए दौड़ता हुआ नहीं। जाहिर है दुनिया यूक्रेन-रूस की लड़ाई से ठहरी और ठिठकी है।

कोई माने या न माने लेकिन इस एक क्षेत्रीय लड़ाई ने जिस तरह पृथ्वी के आठ अरब लोगों का जीना मुश्किल बनाया है वह दूसरे महायुद्ध के बाद का सबसे बड़ा संकट है। ईंधन (पेट्रोलियम पदार्थों) और अनाज की कमी और महंगाई ने सभी देशों की आर्थिकी को गड़बड़ा दिया है। मुद्रास्फीति, मंदी, पूंजी-निवेश और करेंसियों व कारोबार में आंशकाओं का ढेर बना है।

जर्मनी के बावेरिया के एल्माउ पैलेस में जी-7 देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान, इटली और कनाडा) के नेताओं की शिखर बैठक हो रही है। तय मानें यह बैठक ऐतिहासिक है। जी-7 और उसके बाद नाटो देशों की बैठक में तय होने वाला है कि कैसे रूस-चीन की साझेदारी से निपटा जाए। यूरोपीय संघ में यूक्रेन की सदस्यता पर हरी झंडी या जी-7 नेताओं के साथ जेलेंस्की की बातचीत आदि का अपना अर्थ है मगर असली विचारणीय मुद्दा अब यह है कि पाबंदियों के बावजूद यदि राष्ट्रपति पुतिन की सेहत पर असर नहीं है तो वजह उनके पीछे चीन का होना है।

रूस और चीन दोनों को अहसास है कि जी-7 में उनके खिलाफ नई रीति-नीति बनेगी। 29-30 जून की नाटो बैठक में ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड और दक्षिण कोरिया (भारत आमंत्रित नहीं) को विशेष अतिथि के रूप में बुलाया गया है तो जाहिर है चीन को लेकर नाटो का हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भी फोकस बनता हुआ है। इसलिए विश्व राजनीति में पश्चिम बनाम रूस-चीन के शक्ति परीक्षण की गोलबंदी सन् बाईस का बड़ा मामला है। जी-7 में रूस पर नई पाबंदियां लगने वाली हैं। सर्दियों से पहले यूरोपीय देशों की तेल-गैस में रूस पर निर्भरता खत्म कराने के नए फैसले होंगे। यूक्रेन को मदद और हथियारों की नई खेप का भी फैसला होगा। देखने वाली बात है कि यूक्रेन के रूसी आबादी वाले पूर्वी प्रांत पर कब्जे के बाद यदि रूस की गोलाबारी राजधानी कीव पर हुई तो उसके जवाब में यूक्रेन को क्या कहा जाएगा? क्या उसे लंबी दूरी की वे मिसाइलें, लड़ाकू विमान मिलेंगे, जिससे वह रूस के भीतर मिसाइल दाग कर जवाब दे सके?

पूर्वी इलाके पर कब्जे के बाद रूस पीछे नहीं हटने वाला है। राष्ट्रपति पुतिन और उनके पीछे राष्ट्रपति शी जिनफिंग की वैश्विक दादागिरी के लिए जरूरी है कि या तो यूक्रेन का समर्पण हो या यूरोपीय संघ-अमेरिका थक कर समझौते-सुलह की पहल करें। वे पाबंदियों में ढीले पड़ें। हां, जी-7 की बैठक से ठीक पहले रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइल हमला करके जी-7 के नेताओं को मैसेज दिया है कि उसे परवाह नहीं है। तीन दिन पहले की ब्रिक्स बैठक में भी पुतिन और शी जीनफिंग ने प्रतिबंधों को लेकर जैसे तेवर दिखाए उसका सीधा अर्थ है कि सैनिक और आर्थिक दोनों पहलुओं में पुतिन-शी जिनफिंग आत्मविश्वास में हैं। रूस-चीन अपनी जीत होती मान रहे हैं। अपनी धुरी पर दुनिया के बाकी देशों में रूतबा बनने के विश्वास में हैं।

जाहिर है यूक्रेन लड़ाई अब न केवल दोनों खेमों में शक्ति परीक्षण है, बल्कि जो जीता वह विश्व राजनीति का सिकंदर। वह सिकंदर चीन और उसके राष्ट्रपति शी होंगे न कि राष्ट्रपति पुतिन। यूक्रेन के युद्ध से पहले रूस एटमी हथियारों की ताकत पर दुनिया की नंबर दो महाशक्ति था। अब वह चीन का पिछलग्गू है। पुतिन हर तरह से राष्ट्रपति शी जिनफिंग के अहसानमंद हैं।

इसलिए जी-7 और नाटों के फोकस में चीन का होना स्वाभाविक है। सवाल है कि लीडरशीप के संकट से जूझ रही पश्चिमी जमात क्या रूस और चीन से एक साथ पंगा ले सकती है? दूसरा विकल्प नहीं है। राष्ट्रपति शी और चीन के थिंक टैंक मान रहे हैं कि पश्चिमी देशों के भीतर सामाजिक-राजनीतिक झगड़े हैं। थैचर, रोनाल्ड रीगन, मर्केल जैसे नेता नहीं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन में भी दमखम नहीं है। अपनी जगह ऐसा सोचना गलत नहीं है। लेकिन पिछले पांच महीने (डोनाल्ड ट्रंप के वक्त में भी) का कमाल है जो यूरोपीय देशों और अमेरिका में रूस और चीन दोनों के खिलाफ जनमानस बुरी तरह एकजुट हुआ है। यूरोप में जो हुआ है वह स्वयंस्फूर्त है। अब किसी राष्ट्रपति की जरूरत नहीं है, बल्कि नाटो और यूरोपीय संघ के महासचिव और अध्यक्ष का ही नेतृत्व लोगों में हिट है।

संभव है यह सब इस आकलन से हो कि इतनी पाबंदियों के बावजूद यदि पुतिन थम नहीं रहे हैं तो वजह चीन है। रूस और उसके राष्ट्रपति पुतिन ने यूरोपीय देशों में जहां शत्रुता गहरे पैठाई है वहीं लड़ाई के लंबे खींचते जाने से अमेरिका-यूरोप-जापान-दक्षिण कोरिया-ऑस्ट्रेलिया आदि के पश्चिमी समीकरण में यह खुन्नस बनी है कि असली शैतान चीन है।

लंदन की प्रतिष्ठित साप्ताहिक पत्रिका 'द इकोनॉमिस्ट' में जनवरी से ले कर अब तक की कवर स्टोरी में रूस-यूक्रेन और पुतिन व रूस को लेकर दस कवर बने हैं तो दूसरे नंबर पर चीन, राष्ट्रपति शी जिनफिंग और नई विश्व व्यवस्था के कयास के कवर हैं। फिर यूक्रेन-रूस लड़ाई के परिणामों पर विश्लेषण के कवर। इनसे मालूम होता है कि सन् बाईस की विश्व राजनीति क्या है? तय मानें आगे भी पुतिन-शी जिनफिंग की जुगलजोड़ी बनाम पश्चिमी देशों का शक्ति परीक्षण हावी रहेगा। ऐसे में जलवायु परिवर्तन, विश्व आर्थिकी सहित वे तमाम मसले हाशिए में रहेंगे, जिन पर यूक्रेन युद्ध से पहले विश्व समुदाय सोचता-विचारता और फैसले करता हुआ था।

सोचें, जलवायु परिवर्तन को लेकर सर्वाधिक गंभीर यूरोपीय समाज अब वापिस कोयले के बिजलीघर शुरू कर रहा है। ईंधन और अनाज के संकट से कई देशों की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। ईंधन, अनाज और खाने-पीने के सामानों की महंगाई में श्रीलंका, इक्वाडोर, मिस्र, तुर्की, अरब-अफ्रीकी देशों में अशांति-राजनीतिक बवाल बनते हुए हैं। यदि अमेरिका सचमुच मंदी में फंसा और चीन, ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका, भारत के शेयर-पूंजी बाजार से पश्चिमी विदेशी निवेशकों ने पैसा निकालना जारी रखा तो अगले साल तक चंद देशों को छोड़ कर अधिकांश देशों की आर्थिकी से निवेशकों का विश्वास टूट जाना है।

ऐसा आर्थिक सिनेरियो क्या फिलहाल कुबेर जैसे चीन का जलवा बनाने वाला नहीं होगा? कुछ जानकारों का मानना है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग बहुत जल्दी अमेरिकी दबदबे की जगह चाइनीज दबदबे में दुनिया को नचाते हुए होंगे। अपनी सोच अलग है। इसलिए कि चीन जिस अहंकार और घमंड में नंबर एक वैश्विक महाशक्ति है उसकी बुनियाद पश्चिम की पूंजी, तकनीक और बाजार है। चीन नकल कर सकता है, अनुशासित लोगों से मजूदरी करा सकता है, व्यापार-कमाई से वैभव बना सकता है लेकिन वह बुद्धि, अनुसंधान-ज्ञान-विज्ञान नहीं बना सकता है, जिसकी खदान अमेरिका-यूरोपीय सभ्यताएं हैं। इसलिए अल्पकालिक तौर पर भले वह रूतबा बनाता जाए, लेकिन ज्यों-ज्यों वह पश्चिमी विश्वास गंवाएगा अपने आप कमजोर होता जाएगा।

मगर गंवाना सभी को है। सन् बाईस दुनिया को बहुत बरबाद और बदहाल करने वाला है।

## सू- दोकू क्र.86

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.85का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# ब्रिक्सः भारत का मध्यम मार्ग

वेद प्रताप वैदिक

'ब्रिक्स' याने ब्राजील, एशिया, इंडिया, चाइना और साउथ अफ्रीका! इन देशों के नाम के पहले अक्षरों को जोड़कर इस अंतरराष्ट्रीय संगठन का नाम रखा गया है। इसका 14 वाँ शिखर सम्मेलन इस बार पेइचिंग में हुआ, क्योंकि आजकल चीन इसका अध्यक्ष है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन नहीं गए लेकिन इसमें उन्होंने दिल्ली में बैठे-बैठे ही भाग लिया। उनके चीन नहीं जाने का कारण बताने की जरुरत नहीं है, हालांकि गलवान-विवाद के बावजूद चीन-भारत व्यापार में इधर काफी वृद्धि हुई है।

ब्रिक्स के इस संगठन में भारत अकेला ऐसा राष्ट्र है, जो दोनों महाशक्तियों के नए गठबंधनों का सदस्य हैं। भारत उस चौगुटे का सदस्य है, जिसमें अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया भी सम्मिलत हैं और उस नए चौगुटे का भी सदस्य है, जिसमें अमेरिका, इस्राइल और संयुक्त अरब अमीरात (यू.ए.ई.) सदस्य हैं। चीन खुले-आम कहता है कि ये दोनों गुट शीतयुद्ध-मानसिकता के प्रतीक हैं। ये अमेरिका ने इसलिए बनाए हैं कि उसे चीन और रूस के खिलाफ जगह-जगह मोर्चे खड़े करने हैं।

यह बात चीनी नेता शी चिन फिंग ने ब्रिक्स के इस शिखर सम्मेलन में भी दोहराई है लेकिन भारत का रवैया बिल्कुल मध्यममार्गी है। वह न तो यूक्रेन के सवाल पर रूस और चीन का पक्ष लेता है और न ही अमेरिका का! इस शिखर सम्मेलन में भी उसने रूस और यूक्रेन में संवाद के द्वारा सारे विवाद को हल करने की बात कही है, जिसे संयुक्त वक्तव्य में भी उचित स्थान मिला है। इस मामले में भारत के पड़ौसी दक्षेस (सार्क) के देशों का ही कोई प्रभावशाली स्वायत्त संगठन नहीं है तो ब्रिक्स और चौगुटे देशों की जनता के सीधे संपर्कों का क्या कहना? मेरी कोशिश है कि शीघ्र ही भारत के 16 पड़ोसी राष्ट्रों का संगठन 'जन-दक्षेस' (पीपल्स सार्क) के नाम से खड़ा किया जा सके। ब्रिक्स के संयुक्त वक्तव्य में आतंकवाद का विरोध भी स्पष्ट शब्दों में किया गया है और अफगानिस्तान की मदद का भी आह्वान किया गया है। किसी अन्य देश द्वारा वहां आतंकवाद को पनपाना भी अनुचित बताया गया है।

चीन ने इस पाकिस्तान-विरोधी विचार को संयुक्त वक्तव्य में जाने दिया है, यह भारत की सफलता है। ब्रिक्स के सदस्यों में कई मतभेद हैं लेकिन उन्हें संयुक्त वक्तव्य में कोई स्थान नहीं मिला है। ब्रिक्स में कुछ नए राष्ट्र भी जुड़ना चाहते हैं। यदि ब्रिक्स की सदस्यता के कारण चीन और भारत के विवाद सुलझ सकें तो यह दुनिया का बड़ा ताकतवर संगठन बन सकता है, क्योंकि इसमें दुनिया के 41 प्रतिशत लोग रहते हैं, इसकी कुल जीडीपी 24 प्रतिशत है और दुनिया का 16 प्रतिशत व्यापार भी इन राष्ट्रों के द्वारा होता है।

## 'तमाशा लाइव' का प्रमोशन करते हुए टीवी जर्नलिस्ट बनीं सोनाली कुलकर्णी

मराठी फिल्म 'तमाशा लाइव' में पत्रकार के रूप में नजर आने वाली अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी को वास्तविक जीवन में समाचार बुलेटिन पढ़ने वाली टीवी न्यूज एंकर के रूप में देखा गया।

स्पीड न्यूज बुलेटिन ने 5 मिनट में 25 समाचारों को कवर किया। सोनाली ने इसे अपने इंस्टाग्राम पर भी कैप्शन के साथ पोस्ट किया, नमस्कार मि शेफाली। घीं आले आहे आजचाया बात्या (नमस्ते, मैं शेफाली। मैं आपके लिए आज की खबर ला रही हूं)।

'तमाशा लाइव' में सोनाली के किरदार का नाम शेफाली है। सोनाली को 'नटरंग', 'क्षणभर विश्रांति', 'अजिंता', 'झिम्मा' में उनकी भूमिकाओं के लिए जानी जाती है।

सोनाली कहती हैं, तमाशा लाइव' मराठी फिल्मों को अपनी भव्यता के साथ फिर से परिभाषित करेगी। फिल्म में हर पहलू पर अच्छा काम किया गया है और फिल्म के रिलीज होने के बाद दर्शक निश्चित रूप से हमारी मेहनत को देखेंगे।

अभिनेत्री ने आगे कहा, एक संगीतमय फिल्म, जो पहले कभी नहीं देखी गई, निश्चित रूप से हमारे दर्शकों को सोचने पर मजबूर करने वाली है।

संजय जाधव निर्देशित यह फिल्म 15 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।(आरएनएस)

# मुख्यमंत्री पहुंचे कालीचौड़ मन्दिर, की मां काली की पूजा अर्चना



नगर संवाददाता

हल्द्वानी। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज सुबह गौलापार स्थित कालीचौड़ मन्दिर पहुंचे, जहाँ मन्दिर पहुंचकर मुख्यमंत्री धामी ने मां काली की पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश के लिए सुख, समृद्धि की कामना की।

पूजा अर्चना के पश्चात मुख्यमंत्री धामी से ग्रामीणों ने मुलाकात की। इस दौरानं समिति व लोगों ने सुल्तानननगरी मंदिर गेट से मां कालीचौड़ मन्दिर तक डामरीकरण के साथ ही पूर्वी खेड़ा, गोबिन्द ग्राम, सुल्ताननगरी व पश्चिमी खेड़ा लिंक मार्गों का डामरीकरण कराने की मांग रखी। इस पर मुख्यमंत्री धामी ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही समस्या का समाधान किया जायेगा।

इस अवसर पर विधायक रामसिंह कैड़ा, मेयर डा. जोगेन्दर पाल सिंह रौतेला, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन बिष्ट, बसंत सनवाल,हुकम सिंह कुंवर, शेखर जोशी, पुष्कर कोश्यारी, पार्षद तन्मय रावत, हरीश मनराल,बालम बिष्ट, आलोक सत्याल,भुवन जोशी आदि उपस्थित थे।

# मारपीट कर जान से मारने की धमकी में छह नामजद

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक ही परिवार के छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय रतूडी मार्ग पटेलनगर निवासी शिवानी शर्मा ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पडोस में गिरऊवा, गौतम, रीना, सीमा एवं रीमा पुत्रीयां गिरऊवा रहते हैं जो कि झगडालू किस्म के लोग हैं। 26 जून को शाम के समय गौतम नामक व्यक्ति ने उसके घर के गेट के सामने अपनी गाड़ी टाटा मैजिक लाकर खड़ी कर दी और जोर-जोर से हार्न बजाने लगा शोर की आवाज सुनकर जब वह बाहर आयी, तो उसने गौतम को हार्न बजाने से मना किया तथा अपने गेट के सामने से गाड़ी हटाने को बोला, तो गौतम उसके साथ गाली-गलौज करने लगा उसी समय गिरऊवा, सीमा, रीना एवं रीमा वहां आ गयी और उसको मिलकर पीटने लगे तथा नीचे गिराकर मारने जिससे उसको काफी चोटें आयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जमीन के नाम पर लाखों की धोखाधडी में मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने जमीन के नाम पर धोखाधडी करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी हरीश चन्द ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह देहरादून में किराये के मकान में निवासरत् है तथा मैक्स चिकित्सालय में ओटी टैक्निशियन के पद पर कार्यरत् है , जिसके चलते वह देहरादून में प्लट तलाश कर रहा था। उसकी पहचान किशनपुर निवासी विकास से हुई। कोलूपानी में जमीन दिखायी जिसके मालिक गुरनाम सिंह सन्धू है तथा उक्त भूमि को बेचने का करार करने हेतु अमरजीत सिंह समरा पुत्र मेहंगा सिंह समरा , निवासी , कैनाल रोड , किशनपुर को गुरनाम सिंह सन्धू द्वारा अधिकृत किया हुआ है। उसने बताया कि उसने उक्त लोगों को वर्ष 2021 को चार लाख 71 हजार रूपये दे दिये थे तथा तब से वह उक्त लोगों को जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए कह रहा है लेकिन वह टाल रहे हैं। जिससे उसको ज्ञात हुआ कि उक्त लोगों ने उसके साथ धोखाधडी की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शुद्ध पेयजल आपूर्ति 24 घंटे किये जाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन

नगर संवाददाता



हरिद्वार। धर्मनगरी के मध्य क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की सप्लाई बाधित होने से गुस्साए सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा आज आवाज संगठन के अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में पुरानी सब्जी मंडी चौक स्थित जल संस्थान के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की है कि आने वाले दिनों में कांवड़ मेले के दृष्टिगत हर की पैड़ी सहित मध्य हरिद्वार समस्त मेला क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति 24 घंटे संचालित की जाये।

इस अवसर पर आवाज संगठन के अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा लगभग तीन माह से हरिद्वार के हृदय स्थल मोती बाजार, बड़ा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी चौक इत्यादि क्षेत्रों में जल संस्थान द्वारा शुद्ध पेयजल की पूर्ति बगैर किसी सूचना के प्रतिबंधित की जाती है। जिससे धर्मशाला, आश्रम व तीर्थ नगरी में आने वाले तीर्थ यात्रियों को पेयजल न मिलने के कारण मजबूर होकर महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ता है। जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है, माँ गंगा में आस्था रखने वाले तीर्थ यात्रियों व स्थानीय निवासियों को जल संस्थान द्वारा पेयजल आपूर्ति 24 घंटे जारी रखनी चाहिए। उन्होंने कहा जिस प्रकार से शासन- प्रशासन द्वारा होने वाले कांवड़ मेले के दौरान आने वाले कांवड़ियों की संख्या 4 से 5 करोड़ आने की संभावना बताई जा रही है, उसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार की ओर से पेयजल पूर्ति के लिए अलग से शासन के किसी सीनियर आईएएस की निगरानी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ कमेटी का गठन किया जाना न्याय संगत होगा।

इस अवसर पर व्यापारी नेता राजेश खुराना ने कहा जल संस्थान के निकम्मेपन के कारण हरिद्वार में आने वाले तीर्थयात्री शुद्ध पेयजल से वंचित रहते हैं जबकि पूर्व में पेयजल की सप्लाई नगर पालिका द्वारा की जाती थी उस दौरान हर सर्वजनिक स्थल पर गली मोहल्लों में स्टैंड पोस्ट के माध्यम से पीने के पानी की सप्लाई 24 घंटे निरंतर बनी रहती थी। इस अवसर पर श्रमिक कल्याण परिषद के रामस्वरूप रतूड़ी, अवधेश कोठियाल, सुंदरलाल राजपूत, हंसराज अरोड़ा, रवि सभरवाल, कुंवर सिंह मंडवाल, मोहित कुमार गर्ग, संजय भारद्वाज, रवि अरोड़ा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पांखू चौसाला नौलड़ा सड़क दस दिन से बंद

कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के अंतर्गत पांखू चौसाला मोटर मार्ग में पिछले दस दिन से मड़ गांव के पास मलबा गिरने से सड़क बंद पड़ी हैं। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को पूर्व में ही दे दी गई हैं।लेकिन दस दिन गुजर जाने के बाद भी सड़क को खोलने के लिए विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया हैं।

गांव के ही सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र सिंह रौतेला,बहादुर सिंह रौतेला,देवराज सिंह रौतेला,नरेश रौतेला का कहना हैं कि विभाग और ठेकेदार की मिली भगत के चलते सड़क के खोलने लापरवाही बरती जा रही हैं।

# तेज बहाव की चपेट में आये युवक को जल पुलिस ने बचाकर किया परिजनों के सुपुर्द

हमारे संवाददाता



चम्पावत। उधम सिंह नगर से टनकपुर शादी समारोह में आये 28 वर्षिय व्यक्ति को जल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शारदा नदी के तेज बहाव में डुबने से बचाया गया है। जानकारी के अनुसार उधम सिंह नगर से टनकपुर शादी समारोह में आये 28 वर्षीय श्याम शर्मा पुत्र राजकुमार जो कि शारदा स्नान घाट टनकपुर के पास स्नान करते समय अचानक नदी के तेज बहाव में बहने व डूबने लगा । परिजनों व आस पास के लोगों द्वारा मदद की गुहार लगाने पर स्नान घाट में ड्यूटीरत जल पुलिस के जवानों द्वारा तत्काल नदी के तेज बहाव से श्याम शर्मा को सकुशल बचाया गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे परिजनो के सुपुर्द किया गया है।

# अवैध खनन में एक डम्पर सीज, 60000 रूपये का किया चालान

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी के आदेश पर खनन विभाग ने छापा मारकर अवैध खनन में एक डम्पर सीज कर 60 हजार रूपये का चालान किया।



आज यहां जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में विकासनगर क्षेत्रान्तर्गत उपजिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार के नेतृत्व में राजस्व, खनन, पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम बनाकर रात्रि को विकासनगर शिमला बाईपास रोड पर अवैध खनन के परिवहन हेतु चलाये गए अभियान के दौरान करीब 200 वाहनों की जांच की गई, जांच के दौरान 1 डम्पर अवैध खनन परिवहन करते हुए पाया गया। जिसको सीज कर दिया है। जिन पर करीब 60 हजाए से अधिक धनराशि की चालन की कार्यवाही की गई है। संबंधित टीम द्वारा एक वाहन को सीज करते हुए राज्य में प्रख्यापित उत्तराखण्ड उप खनिज (बालू, बजरी, बोल्डर) चुगान नीति, उत्तराखण्ड खनिज नियमावली का उल्लंघन है। वाहनों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही गई है। जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने अवगत कराया है कि अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी, जिसके लिए समस्त उप जिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है कि वह अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत अवैध खनन, की सूचनाओं/शिकायतों पर छापेमारी अभियान चलाते हुए निरंतर कार्यवाही करें। छापामारी अभियान में जिला खनन अधिकारी वीरेंद्र सिंह तथा तहसीलदार, सहित अन्य शामिल थे।




कोरोना से डरे नहीं

सतर्क रहें, सुरक्षित रहें



## एक नजर

# मतदान अधिकारी से मारपीट मामले में राज बब्बर को दो साल कारावास की सजा

लखनऊ। एमपी/ एमएलए अदालत ने बॉलीवुड अभिनेता और कांग्रेस नेता राज बब्बर को १९९६ के चुनाव में एक मतदान अधिकारी के साथ मारपीट करने के मामले में बृहस्पतिवार को दोषी करार देते हुए दो साल कैद की सजा सुनाई। एमपी/एमएलए (सांसद/विधायक) अदालत के विशेष अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने राज बब्बर को दो वर्ष कारावास और ८५०० रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इस मामले में राज बब्बर के साथ आरोपी रहे अरविंद सिंह यादव की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई थी।



बाद में, अदालत ने फैसले के खिलाफ अपील दायर करने का अवसर प्रदान करते हुए राज बब्बर को अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया। उल्लेखनीय है कि मतदान अधिकारी श्रीकृष्ण सिंह राणा ने दो मई १९९६ को वजीरगंज थाने में राज बब्बर व अरविन्द सिंह यादव के अलावा अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने शिकायत की थी कि मतदान केंद्र संख्या १९२/१०३ के बूथ संख्या १९२ पर जब मतदाताओं का आना बंद हो गया तब वादी मतदान केंद्र से बाहर निकलकर खाना खाने जा रहा था। आरोप है कि राज बब्बर व उनके साथियों ने वादी व शिव कुमार सिंह को मारा पीटा। इसी बीच मतदान केंद्र के बूथ संख्या १९१ में नियुक्त मतदान अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव के अलावा वीके शुक्ला तथा पुलिस वालों ने उन्हें बचाया।

# सेना के जवानों ने एक घुसपैठिए आतंकी को मार गिराया

जम्मू। कुपवाड़ा के टंगधार सेक्टर में एलओसी पर शुक्रवार को घुसपैठ की कोशिश को भारतीय सेना के जवानों ने नाकाम कर दिया। सेना के जवानों ने यहां एक घुसपैठिए को मार गिराया। इस दौरान एक जवान भी घायल हुआ। इलाज के लिए जवान को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। शहीद हुए जवान की पहचान छह जैकलाई के जसबीर सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सीमा पर घुसपैठ का प्रयास शुक्रवार रात को किया गया। टंगधार सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से तीन से चार आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सभी जवानों को सतर्क कर दिया गया। आतंकी जैसे ही एलओसी के नजदीक पहुंचे, जवानों ने पहले तो उन्हें चेतावनी दी, उसके बाद भी जब वे नहीं माने तो जवानों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में आतंकवादियों ने भी जवानों पर फायरिंग की। जवानों ने एक आतंकी को वहीं ढेर कर दिया जबकि आतंकी फायरिंग में सेना का एक जवान भी गंभीर रूप से घायल हो गया।



# कारोबारी की आत्महत्या मामले में एक नामजद

देहरादून (सं)। जाखन में कारोबारी ने अपनी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या करने के मामले में मृतक की पत्नी ने एक को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दून विहार जाखन निवासी शिवानी सिंह ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पति स्व. नितिन सिंह, अपनी माता श्रीमती तारावती सिंह के एकमात्र पुत्र थे तथा पांच बहनो के भाई थे। उसकी सास श्रीमती तारावती सिंह की मौहल्ला पृथ्वीगंज, कांठ मुरादाबाद उत्तर प्रदेश में लगभग (ढाई) बीघा भूमि मकान है, जिस पर प्रार्थिनी के पति ने कुछ दुकान बनायी और उन्हें बेचा था। 21 जून को उनके पडौसी आनन्द विश्नोई पुत्र स्व0 बलराम विश्नोई, निवासी-मौहल्ला पृथ्वीगंज, कांठ मुरादाबाद उसकी सास श्रीमती तारावती सिंह की सम्पत्ति में अनाधिकृत रूप से आया और उक्त सम्पत्ति पर कब्जा करने की नीयत से उसके पति को यह धमकी दी कि यह सम्पत्ति छोडकर भाग जा नही तो तुझे व तेरे परिवार को जान से मार दूंगा। जिससे उसके पति काफी घबरा गये थे तथा दो जुलाई को दून वापस आ गये थे। जब उसने अपने पति से पूछा कि कब अमरोहा आओगे तो उन्होने कहा कि वह कल आयेगा लेकिन समय रात्री लगभग सवा आठ बजे नबील शेख की फोन कल उसको आयी लेकिन वह उस कल को उठा नही पायी। उसने जब रात्री समय लगभग नौ बजे नबील शेख के फोन पर बात की तो उन्होने बताया कि आपके पति नितिन ने दून विहार अपने घर पर अपने आप को गोली मार ली है। आनन्द विश्नोई के डर से उसके पति ने आत्महत्या की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नाबालिग पुत्री के शारीरिक शोषण में आरोपी पिता गिरफ्तार




हमारे संवाददाता

देहरादून। पिता द्वारा अपनी ही नाबालिग बेटी का शारीरिक शोषण किये जाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार पिता पहले भी अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिये उकसाने के आरोप मे जेल मे जा काट चुका है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज प्रतीतनगर निवासी एक युवती द्वारा थाना रायवाला में तहरीर देकर बताया गया था कि वह रायवाला मे अपने पिता, नाबालिग बहन व भाई के साथ निवास करती है। बताया कि उसके पिता तीरथ सिंह पुत्र स्व. गोकुल सिंह जो कि पहले भी उनकी मां यानि अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिये उकसाने के आरोप में जेल जा चुके है। बताया कि उसकी छोटी नाबालिग बहन व भाई को उसके पिता बहुत परेशान करते हैं तथा उसकी नाबालिग बहन को गंदे तरीके से छूते हैं और उनकी इस हरकत का विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी देते है। जिस कारण उसे व उसके छोटे भाई बहनो को अपने पिता से जान का खतरा बना हुआ है।

मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। जिसके बाद मामला सही पाये जाने पर आरोपी पिता तीरथ सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## जंगल में लटका मिला देवर-भाभी का शव, जांच शुरू

हमारे संवाददाता

चमोली। नंदानगर( घाट) विकास के गांव प्राणमती में देवर-भाभी का शव जंगल मे पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतकों की पहचान ममता व कुँवर राम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार जंगल मे घास काटने गई महिलाओं ने देखा कि जंगल मे एक पेड़ में एक महिला व एक पुरुष का शव लटका हुआ है। महिलाओं ने गांव में मामले की सूचना दी जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा राजस्व पुलिस को दे दी। बताया जा रहा है कि दोनों मृतक 4 जुलाई से ही घर से लापता चल रहे थे। जनप्रतिनिधियों द्वारा तहसील में सूचना देने के पश्चात तहसील से राजस्व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची व दोनों शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

## फोन पर गोली मारने की धमकी देने पर मुकदमा

देहरादून (सं)। फोन पर गोली मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डाकरा बाजार निवासी गौरव खंडेलवाल ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि सिकन्दर सिंह मोबाईल से पिछले कई दिनों से लगातार उसको फोन कर बेवजह उसको व उसके परिवारजनों को गंदी-गंदी गलियां दे रहा है और उसको व उसके परिवार को घर में घुसकर गोली मारकर जान लेने की भी धमकी दे रहा है। उसने उसको कहा गया है कि उसकी शासन-प्रशासन में अच्छी जान पहचान उसका कोई कुछ नही बिगाड सकता और उसको पुलिस से कोई डर नही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## रपटे में बही कार..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

लिए क्रेन को भी मौके पर बुलाया गया है। मृतकों में तीन युवक व छह महिलाएं शामिल हैं। मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। सभी पर्यटक पटियाला पंजाब के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

# शराब पीकर हुड़दंग मचाने के आरोप में 2 युवतियों सहित पांच गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। सार्वजनिक स्थल पर शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे तीन युवकों व दो युवतियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मामला ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार कल देर शाम कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवक व युवतियां सार्वजनिक स्थल पर शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे है। जिससे आमजन को परेशानी हो रही है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर दो युवतियों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए सभी आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार हरियाणा से तीन युवक और दो युवती हरिद्वार घूमने आए हुए थे, जो हरिलोक तिराहे के पास शराब के ठेके के सामने शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे थे, जिनको ऑपरेशन मर्यादा के तहत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों के नाम राहुल पुत्र वीरेंद्र निवासी फरीदाबाद हरियाणा, अभी सिंह पुत्र कपिल सिंह निवासी उपरोक्त, सागर पुत्र सतीश निवासी नई बस्ती गुड़गांव हरियाणा, गोरी विश्वास पुत्री गौतम विश्वास निवासी गुड़गांव हरियाणा व मनीषा राजपूत पुत्री राजवीर राजपूत झाड़सा हरियाणा बताये जा रहे है।

## घर में घुसकर लाखों की चोरी

संवाददाता

देहरादून। घर में घुसकर हजारों की नगदी व जेवरात चोरी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी बिहारी लाल मार्ग नेशविला रोड निवासी अमरदेव बहुगुणा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज प्रातः काल चार बजे से सवा चार बजे के बीच उसके निवास स्थान पर एक पुरुष चोरी के उद्देश्य से घर के पीछले दरवाजे की जाली काट कर घर के अन्दर से लगभग सत्तर हजार की नगदी और लगभग 50 (पचास ) हजार के जेवरात ( चांदी के लगभग बीस सिक्के छोटे बच्चे के सात जोडी चाँदी के कंगन व गले की सोने की चैन) चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
कांति कुमार

*संपादक*
पुष्पा कांति कुमार

*समाचार संपादक*
आनंद कांति कुमार

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*